ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 05-02-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-02-05 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-02-06	2021-02-07	2021-02-08	2021-02-09	2021-02-10
वर्षा (मिमी)	2.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	21.0	21.0	22.0	22.0	23.0
न्यूनतम तापमान(से.)	5.0	4.0	4.0	5.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	55	50	50	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	6.0	8.0	8.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	340	340	320	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	0	0	0	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (29 जनवरी – 04 फरवरी, 2020) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान बादलों सेआंशिक से पूर्णतः आच्छादित रहा। अधिकतम तापमान 16.0 से 24.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 4.4 से 8.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 94 से 100 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 39 से 79 प्रतिशत एवं हवा 0.4 से 2.0 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनो मे वर्षा की सम्भावना नहीं है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 21.0 से 23.0 व 4.0 से 6.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| आगामी 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

सामान्य सलाहकार:

दिनांक 4 फरवरी, 2021 को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है। कोरोना कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें।

लघु संदेश सलाहकार:

आज 5 फरवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा आगामी पांच दिनो मे वर्षा की सम्भावना नहीं है। आगामी 14 फरवरी तक मौसम के साफ रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	बिलम्ब से बोई गेहूँ की फसल जिसे दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े में लगाया गया है, में चैड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण हेतु बुवाई के 40-45 दिन बाद 2, 4-डी की 80 प्रतिशत शुद्धता वाली दवा के 625 ग्राम/हेक्टेयर मात्रा को 800 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव फ्लैट फैन नाजल लगग स्प्रेयर द्वारा करें। अगर यूरिया की टापड्रेसिंग नहीं गई हो तो इसे खरपतवारनाशी के छिड़काव से 2-3 दिन पहले की पूरा कर लेना चाहिए।
खीरा	खीरा वर्गीय फसलों के लिए पोषक तत्वो के रूप में गोबर की सड़ी हुई खाद अथवा कम्पोस्ट खाद का अधिक से अधिक प्रयोग करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
सब्जी मिर्च	पत्ती मरोड़क रोग की रोकथाम हेतु, नीम का तेल @ 5 मिली / लीटर या थायोमेथोक्साम @ 40 ग्राम / 200 मिली पानी की दर से छिड़काव करें।
लौकी	लौकी उगाने हेतु खेत की तैयारी करें।

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
लीची	लीची के पेड़ मे फॉस्फोरस की कमी दिखाई देने पर, सिंगल सुपर फॉस्फेट का 1 किग्रा प्रति पेड़ की दर से पयोग करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	भेड़ व बकरियों को चेचक नामक बीमारी से बचाव हेतु भेड़/बकरी पॉक्स नामक टीका लगवायें।
भेंस	सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें।